# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 03 जून 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 54 हजार 144 सैम्पलों की हुई जांच, प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 2.9 प्रतिशत

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर लगातार घट रही है। आज 03 जून को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 2.9 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 54 हजार 144 सैंपलों की जांच में से 1619 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान का असर ग्लोबल फंड प्रोजेक्ट GFATM के तहत राज्य को मिलेगा मोबिलिटी सपोर्ट

### मिलेगा जिलों के लिए 17 चार पहिया एवं विकासखंडों हेतु 75 दो पहिया गाड़ियों हेतु आर्थिक सहयोग

### अभियान से मलेरिया के मामलों में राज्य में 45.20 प्रतिशत की आई है कमी

- मलेरिया नियंत्रण हेतु राज्य शासन द्वारा लांच किए गए मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान का काफी व्यापक असर देखने को मिला है। बस्तर क्षेत्र में इसके बेहतरीन परिणाम देखे जाने के बाद इस अभियान का मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के रूप में पिछले वर्ष के अंत में सरगुजा संभाग में भी क्रियान्वयन किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा चलाए गए दोनो संभागों में इन विशेष अभियानों से मलेरिया के प्रकरणों में लगातार कमी आ रही है। अप्रैल-2020 की तुलना में अप्रैल-2021 में सरगुजा संभाग में मलेरिया के मामलों में 60 प्रतिशत और बस्तर संभाग में 45 प्रतिशत की कमी आई है।
- इस अभियान की सफलता को देखते हुए अब ग्लोबल फंड फॉर एड्स, टीबी एंड मलेरिया (GFATM) भी छत्तीसगढ़ से मलेरिया को खत्म करने राज्य सरकार का सहयोग करेगी। संस्था द्वारा इंटेन्सिफाइड मलेरिया एलिमिनेशन

प्रोजेक्ट (Intensified Malaria Elimination Project) के अंतर्गत प्रदेश के 16 जिलों के 87 विकासखंडों में मलेरिया के उन्मूलन के लिए आर्थिक सहायता और मानव संसाधन उपलब्ध कराएगी। इससे छत्तीसगढ़ को मलेरिया मुक्त करने राज्य शासन द्वारा संचालित मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान को और मजबूती मिलेगी।

- जीएफएटीएम द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में एक करोड़ 36 लाख रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। संस्था द्वारा मलेरिया उन्मूलन के लिए विभिन्न गतिविधियों के संचालन हेतु 17 फोर-व्हीलर वाहन और मलेरिया टेक्नीकल सुपरवाइजर्स के लिए 75 टू-व्हीलर वाहन मुहैया कराया जाएगा। इसके तहत दो राज्य स्तरीय और 16 जिला स्तरीय कंसल्टेंट भी नियुक्त किए जाएंगे। दो से अधिक एपीआई वाले उप-स्वास्थ्य केन्द्रों के सभी गांवों में मलेरिया से बचाव के लिए 63 लाख 62 हजार मच्छरदानी भी प्रदान किए जाएंगे। जीएफएटीएम 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2024 तक प्रदेश से मलेरिया को खत्म करने वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएगी।

## प्रदेश में कोरोना से स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ी पॉजिटिव मरीजों की संख्या में हो रही कमी

- प्रदेश के सभी जिलों में कोरोना से स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रदेश में पिछले सप्ताह 19 से 25 मई के मध्य 25,504 पॉजिटिव मरीजों की पहचान हुई थी, जिसकी तुलना 26 मई से 02 जून के मध्य 15,597 मरीजों की पहचान हुई जो प्रदेश में पॉजिटिव की संख्या में कमी को दर्शाता है। 26 मई से 02 जून के मध्य 21,896 कोरोना के मरीज अस्पताल से डिस्चार्ज एवं होम आईसोलेशन से स्वस्थ हुए।

## आज दिनांक 03 जून 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 7,93,882 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 2507 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 196, बीपीएल के 1278, एपीएल के 944 फ्रंटलाइन वर्कर के 89 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 1619 |
| | | कुल | 976760 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 756 |
| | | कुल* | 159335 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 3098 |
| | | कुल* | 774908 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 3854 |
| | | कुल | 934243 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 29378 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल – 22 | कोविड–19 | 09 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 13 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

**आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 54,144**

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

# छतीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 03-06-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 38 | 95633 | 2 | 13910 | 78 | 79213 | 93123 | 739 | 1 | 1771 |
| 2 | राजनांदगांव | 13 | 55627 | 9 | 12474 | 10 | 42185 | 54659 | 467 | | 501 |
| 3 | बालोद | 36 | 26705 | 48 | 8763 | 36 | 16993 | 25756 | 570 | 3 | 379 |
| 4 | बेमेतरा | 8 | 19645 | 3 | 3231 | 37 | 15614 | 18845 | 570 | | 230 |
| 5 | कबीरधाम | 24 | 22533 | 0 | 2273 | 52 | 19540 | 21813 | 455 | | 265 |
| 6 | रायपुर | 70 | 156143 | 84 | 29944 | 164 | 122252 | 152196 | 842 | | 3105 |
| 7 | धमतरी | 57 | 26281 | 30 | 2558 | 63 | 22367 | 24925 | 834 | 1 | 522 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 78 | 41789 | 42 | 8514 | 72 | 31253 | 39767 | 1575 | | 447 |
| 9 | महासमुंद | 47 | 30655 | 17 | 3889 | 76 | 25257 | 29146 | 1162 | 2 | 347 |
| 10 | गरियाबंद | 19 | 19224 | 0 | 3434 | 84 | 15024 | 18458 | 580 | | 186 |
| 11 | बिलासपुर | 42 | 64729 | 13 | 7179 | 124 | 55906 | 63085 | 452 | 1 | 1192 |
| 12 | रायगढ़ | 135 | 61250 | 44 | 12062 | 237 | 45855 | 57917 | 2391 | 5 | 942 |
| 13 | कोरबा | 98 | 53623 | 33 | 4706 | 174 | 46939 | 51645 | 1426 | 1 | 552 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 95 | 55657 | 46 | 7733 | 243 | 45261 | 52994 | 1887 | | 776 |
| 15 | मुंगेली | 27 | 23636 | 1 | 943 | 61 | 21409 | 22352 | 1121 | | 163 |
| 16 | गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 23 | 11773 | 7 | 751 | 56 | 10092 | 10843 | 789 | | 141 |
| 17 | सरगुजा | 83 | 32509 | 65 | 3816 | 274 | 26344 | 30160 | 2114 | 1 | 235 |
| 18 | कोरिया | 68 | 25853 | 6 | 1613 | 211 | 22046 | 23659 | 2029 | 2 | 165 |
| 19 | सूरजपुर | 107 | 28114 | 2 | 1947 | 291 | 23527 | 25474 | 2425 | 1 | 215 |
| 20 | बलरामपुर | 93 | 19482 | 13 | 1438 | 270 | 16174 | 17612 | 1757 | 1 | 113 |
| 21 | जशपुर | 111 | 25387 | 22 | 4580 | 208 | 18917 | 23497 | 1698 | | 192 |
| 22 | बस्तर | 78 | 19126 | 180 | 4529 | 53 | 13195 | 17724 | 1225 | | 177 |
| 23 | कोंडागांव | 40 | 12288 | 2 | 1659 | 82 | 9957 | 11616 | 578 | | 94 |
| 24 | दंतेवाडा | 40 | 9793 | 16 | 4202 | 52 | 5276 | 9478 | 293 | | 22 |
| 25 | सुकमा | 86 | 6153 | 43 | 3572 | 15 | 2372 | 5944 | 194 | | 15 |
| 26 | कांकेर | 10 | 22752 | 6 | 3337 | 73 | 18730 | 22067 | 475 | 1 | 210 |
| 27 | नारायणपुर | 15 | 3529 | 20 | 2791 | 2 | 667 | 3458 | 60 | 1 | 11 |
| 28 | बीजापुर | 78 | 6176 | 2 | 2941 | 0 | 2543 | 5484 | 651 | | 41 |
| 0 | अन्य राज्य | 0 | 695 | 0 | 546 | 0 | 0 | 546 | 19 | 1 | 130 |
| | महायोग | 1619 | 976760 | 756 | 159335 | 3098 | 774908 | 934243 | 29378 | 22 | 13139 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →